अनुक्रमांक / Roll No.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें ।

Candidate should write his/her Roll No. here.

कुल प्रश्नों की संख्या : 3 + 3
Total No. of Questions : 3 + 3

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 15
No. of Printed Pages : 15

# M-2017-II

## सामान्य अध्ययन

## GENERAL STUDIES

### द्वितीय प्रश्न-पत्र

### Second Paper

समय : 3 घंटे ]
Time : 3 Hours ]

[ पूर्णांक : 300 (खण्ड-अ 150 + खण्ड-ब 150)
[ Total Marks : 300 (Part-A 150 + Part-B 150)

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**
***Instructions to the candidates :***

**इस प्रश्न-पत्र में खण्ड-अ एवं खण्ड-ब हैं । प्रत्येक खण्ड 150 अंक का है**

This question paper consists of Part-A and Part-B. Each part carries **150** marks.

1. **प्रत्येक खण्ड में कुल तीन प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है । प्रश्न क्रमांक 02 तथा 03 में आंतरिक विकल्प हैं । प्रश्न क्रमांक 02 में शब्द सीमा 100 है तथा प्रश्न क्रमांक 03 में शब्द सीमा 300 है ।**

   Each part of this question paper consists of **03** questions. *All* questions are compulsory. Question No. **02** and **03** have an internal choice. For Question No. **02** word limit is **100** words and for Question No. **03** word limit is **300** words.

2. प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका चयन आपने आवेदन–पत्र में किया है। किसी अन्य माध्यम में लिखे गये उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेगा। **सभी 03 प्रश्न करना अनिवार्य है।** प्रश्न–पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें, एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जायें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जायें। परीक्षा में सामान्य कैलकुलेटर ही उपयोग मे लिया जा सकता है, साइन्टिफिक नहीं।

   Answers should be written in the medium which you have opted in your Application Form. No marks will be awarded, if the answer is written in any other medium. ***All*** the ***three*** questions must be answered. Question should be answered exactly in order in which they appear in the question paper. Answers to the various parts of the same question should be written together compulsorily and answers of other question should not be inserted between them. Simple calculator alone can be used in the exam, not the Scientific one.

3. प्रथम प्रश्न लघु उत्तरीय है, जिसमें **15** अनिवार्य प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर **एक** अथवा **दो** पंक्तियों में देना है।

   The first question is of short answer type consisting of **15** compulsory questions. Each one is to be answered in ***one*** or ***two*** lines.

4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है उसका अवश्य पालन करें।

   Wherever word limit has been given, it must be adhered to.

5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरण में से अंग्रेजी रूपांतर मानक माना जायेगा।

   In case there is any error of printing or factual nature, then out of the Hindi and English versions of the question, the English version will be treated as standard.

## खण्ड – अ

## II — Part – A

1. निम्नलिखित 15 प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक एक अथवा दो पंक्तियों में दीजिए : $15 \times 3 = 45$

Answer the following **15** questions in **one** or **two** lines each :

(A) भारतीय संविधान की प्रस्तावना में निहित किन्हीं तीन मूलभूत मान्यताओं को लिखिए ।

Write any three basic principles in the Preamble of the Constitution of India.

(B) संविधान की बारहवीं अनुसूची किससे सम्बन्धित है और इसमें कितने विषय उल्लेखित हैं ?

What is the 12th Schedule of the Constitution about and how many subjects are there in this Schedule ?

(C) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 323–A में क्या प्रावधान है ?

What is the provision in Article 323-A of the Constitution of India ?

(D) भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में भारतीय राष्ट्रपति की निर्वाचन पद्धति का प्रावधान है तथा इस पद्धति का नाम क्या है ?

Which Article of the Constitution of India provides the method of election of the President of India and what is the name of this method ?

(E) कौन से माह और वर्ष में लोकपाल विधेयक संसद से अनुमोदित हुआ था ?

In which month and year the Lokpal Bill was enacted by the Parliament ?

(F) तारांकित व अतारांकित प्रश्नों में क्या अन्तर है ?

What is the difference between starred and unstarred questions ?

(G) भारतीय राष्ट्रपति के आपातकालीन अधिकार लिखिये ।

Write down the emergency powers of the President of India.

(H) भारतीय संविधान के 74वें संशोधन के कोई भी दो प्रमुख प्रावधान लिखिये ।

Write down any two important provisions of the 74th Amendment to the Constitution of India.

(I) अखिल भारतीय सेवा श्रेणियाँ कितनी हैं? इनके नाम लिखिये ।

How many All India Service Cadres are there ? Write their names.

(J) मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के कोई दो दायित्व लिखिये ।

Write any two duties of the M.P. Public Service Commission.

(K) भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उल्लेखित 'बंधुता' से क्या तात्पर्य है ?

What is meant by 'Fraternity' mentioned in the Preamble of Indian Constitution ?

(L) 'स्थगन प्रस्ताव' का क्या तात्पर्य है ?

What is meant by 'Adjournment Motion' ?

(M) सर्वोच्च न्यायालय के आरम्भिक क्षेत्राधिकार से क्या तात्पर्य है ?

What is meant by 'Original Jurisdiction of the Supreme Court' ?

(N) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के कोई भी दो महत्त्वपूर्ण प्रावधान लिखिये ।

Write any two important provisions of the Consumer Protection Act, 1986.

(O) नियंत्रक व महालेखापाल की निष्पक्षता व स्वायत्तता हेतु कोई भी दो संवैधानिक रक्षाकवच लिखिये ।

Write any two constitutional safeguards for the autonomy and impartiality of Comptroller & Auditor General.

2. किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए । प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का है । **10 × 6 = 60**

Answer any **10** questions. Answer your questions nearly in **100** words. Each question carries **6** marks.

(A) भारतीय संविधान में एकात्मक तत्त्व

Unitary elements in Indian Constitution.

(B) राज्य उच्च न्यायालय का क्षेत्राधिकार

Jurisdiction of State High Courts.

(C) राज्य लोकायुक्त संस्था की अप्रभाविता

Ineffectiveness of State Lokayukta Institution.

(D) संघ-राज्य वित्तीय सम्बन्धों से सम्बन्धित विवादास्पद मुद्दे

Controversial issues regarding the Union – State financial relations.

(E) राज्य के राज्यपाल की विधायी शक्तियाँ

Legislative powers of State Governor.

(F) राष्ट्रपति को पदच्युत करने की महाभियोग प्रक्रिया

Procedure for impeachment of the President.

(G) भारतीय संविधान में समानता का अधिकार

Right to Equality in Indian Constitution.

(H) केन्द्रीय सूचना आयोग की उपयोगिता

Utility of Central Information Commission.

(I) प्राकलन समिति के कार्य व दायित्व

Functions and duties of Estimate Committee.

(J) प्रशासन में पारदर्शिता

Transparency in Administration.

(K) स्वयं सहायता समूहों की भूमिका

Role of Self-Help Groups.

(L) निर्णयन प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी

Citizens' participation in Decision-making process.

(M) राज्य प्रशासन में मुख्य मंत्री की भूमिका

Role of Chief Minister in State Administration.

(N) मौद्रिक नीति एवं इसके उद्देश्य

Monetary policy and its objectives.

(O) मीडिया और इसके प्रकार

Media and its type.

3. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रश्नों के उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए । प्रत्येक प्रश्न 15 अंकों का है । $3 \times 15 = 45$

Answer any **three** questions. Answer your question nearly in **300** words. Each question carries **15** marks.

(A) देश की शासन व्यवस्था में प्रधान मंत्री की भूमिका का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए ।

Critically evaluate the role of Prime Minister in the governance of the country.

**अथवा/OR**

राज्य में कार्यरत शहरी स्थानीय शासन संस्थाओं के कार्यकरण पर एक आलोचनात्मक लेख लिखिए ।

Write a critical essay on the Working of Urban local self government Institutions in your State.

(B) केन्द्र-राज्य विधायी सम्बन्धों का विश्लेषण कीजिए ।

Analyse the Union – State legislative relations.

**अथवा/OR**

'सहकारी संघवाद : समस्याएँ व सम्भावनाएँ' पर एक लेख लिखिए ।

Write a note on 'Co-operative Federalism : Problems and Possibilities.

(C) राज्य में उच्च स्तरीय लोक सेवकों के प्रशिक्षण प्रणाली का विवेचन कीजिए तथा इस क्षेत्र में सुधार के लिए संक्षिप्त में सुझाव लिखिए ।

Explain the training system of higher Civil Services in your state and offer a few suggestions to bring reforms in this field.

**अथवा/OR**

विश्व व्यापार संगठन के उद्देश्य एवं कार्यों का उल्लेख करें तथा भारत पर इसके प्रभाव का परीक्षण कीजिए ।

Discuss aims and functions of World Trade Organisation and examine its impact on India.

## खण्ड – ब

## Part – B

1. निम्नलिखित 15 प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिये : 15 × 3 = 45

Answer the following **15** questions in **one** or **two** lines :

(A) दहेज निषेध अधिनियम, 1961 क्या है ?

What is Dowry Prohibition Act of 1961 ?

(B) उज्जवला कार्यक्रम द्वारा महिला उत्पीड़न पर रोकथाम के उपाय क्या हैं ?

Describe UJJAWALA Scheme's role in order to combat atrocities on women.

(C) अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के असफलता के कारण लिखिये।

Write the reasons for the failure of Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989.

(D) महिला सशक्तिकरण घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के द्वारा कैसे संभव है ?.

How women empowerment is possible through the Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005 ?

(E) समाज में कानून द्वारा परिवर्तन कैसे लाया जा सकता है ?

How law can bring changes in the society ?

(F) कोपनहेगन सम्मेलन किससे सम्बन्धित है ?

What is Copenhegen Convention ?

(G) मध्य प्रदेश की महिलाओं में रक्तअल्पता की समस्या

Women of Madhya Pradesh and the problem of anemia.

(H) मध्य प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं का स्वास्थ्य एवं आशा (ASHA) की भूमिका

The role of ASHA and the health of rural women of Madhya Pradesh.

(I) स्तनपान का नवजात शिशु के स्वास्थ्य पर प्रभाव

The importance of breast-feeding on the health of new-born.

(J) कुपोषण एवं "मध्याह्न भोजन" कार्यक्रम क्या है ?

What is malnutrition and the mid-day meal scheme ?

(K) संस्थागत प्रसव एवं माता-शिशु का स्वास्थ्य क्या है ?

What is institutionalized delivery and the health of mother and new-born ?

(L) बच्चों को पैदा होने से लेकर 5 वर्ष की आयु तक कौन–कौन से टीके लगाये जाते हैं ?

Write on the vaccinations given to a child from the birth till the age of 5 years.

(M) शिक्षा का अधिकार अधिनियम क्या है ?

What is Right to Education Act ?

(N) गुणात्मक उच्चतर शिक्षा का स्तर बनाये रखने में यू.जी.सी. की भूमिका क्या है ?

What is the role of U.G.C. in maintaining quality education at higher level of education ?

(O) वृद्धजनों से सम्बन्धित कल्याणकारी कार्यक्रम कौन–कौन से हैं ?

What are various Welfare Schemes for the aged ?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग **100** शब्दों में दीजिये : **10 × 6 = 60**

Write the answer in about **100** words of the following questions :

(A) भारतीय समाज में भारतीय संविधान की प्रस्तावना के अनुरूप परिवर्तन आये हैं या नहीं। कारण देते हुये उत्तर लिखिये।

Do you think that the changes in Indian Society have been as per the Preamble of Indian Constitution ? Answer by giving reasons.

(B) महिलाओं का परिवार में शोषण रोकने के लिये कौन–कौन से अधिनियम हैं ? इनमें से किसी एक अधिनियम का उल्लेख कीजिये ।

What are various Acts passed to check women exploitation in family ? Describe any one of such Acts.

(C) क्या सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 भ्रष्टाचार रोकने में सफल हुआ है ? कारण सहित उत्तर लिखिये ।

Has the Right to Information Act, 2005 been able to control corruption ? Answer by giving reasons.

(D) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के मुख्य–मुख्य प्रावधानों का उल्लेख कीजिये ।

Describe various Provisions of the Consumer Protection Act, 1986.

(E) भारत में यूनीसेफ द्वारा चलाये गये "पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम" पर एक नोट लिखिये ।

Write a note on the UNICEF's Polio Eradication Programme in India.

(F) मध्य प्रदेश में मातृत्व स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवा कार्यक्रमों का उल्लेख कीजिये ।

Write on the Maternal Health Service Programmes in M.P.

(G) विश्व स्वास्थ्य संगठन के उद्देश्यों का उल्लेख कीजिये ।

Write the objectives of the World Health Organisation.

(H) भारत में शिशु मृत्यु दर अधिक होने के कारणों का उल्लेख कीजिये ।

Describe reasons for the high infant mortality rate in India.

(I) "बालिकाओं की शिक्षा में सबसे बड़ा अवरोधक महिला विवाह अधिनियम, 2006 है ।" व्याख्या कीजिए ।

"The greatest obstacle in the girls education is Womens Marriage Act, 2006." Comment.

(J) मध्य प्रदेश में कुपोषण के कारणों का उल्लेख कीजिये ।

Write on the causes of malnutrition in M.P.

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग **300** शब्दों में दीजिए : **$3 \times 15 = 45$**

Answer the following questions in about **300** words :

(A) सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 की धारा 4 के अन्तर्गत प्रावधानों का उल्लेख कीजिए ।

Write on the Provisions of Section 4 of the Protection of Civil Rights Act, 1955.

**अथवा/OR**

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3 (i) में अत्याचार के अपराधों के लिए दण्ड को स्पष्ट कीजिये ।

Describe the punishment for offences of atrocities on the Scheduled Caste and Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989 under Section 3(i))

(B) मजदूरों से सम्बन्धित कल्याणकारी कार्यक्रमों की कारखाना अधिनियम, 1948 के आधार पर व्याख्या कीजिये ।

Explain Welfare Programmes relating to labour as per Factories Act, 1948.

(C) 21वीं शताब्दी में संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के उपायों का उल्लेख कीजिये ।

Write on the steps taken for the prevention of communicable diseases in the $21^{st}$ century.

---